# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (31/08/2024)

**DAINIK BHASKAR ,MUZAFFARPUR,DATE-31/08/2024,PAGE-06**

# हड़बड़ी में 4 वर्षीय स्नातक कोर्स लागू : नतीजा- रजिस्ट्रेशन फी में 5.68 करोड़ का घाटा

**सत्र 2023-24 : राजभवन ने रजिस्ट्रेशन फी 600 रुपए तय किए, विवि ने 1.42 लाख स्टूडेंट्स से 200 रुपए लिए, 15 मई को राजभवन ने ऑर्डिनेंस रेगुलेशन जारी किया**

एजुकेशनरिपोर्टर|मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले साल राजभवन के दबाव पर आधी-अधूरी तैयारियों के साथ ही हड़बड़ी में 4 वर्षीय स्नातक कोर्स लागू कर दिया गया। इसका नुकसान स्टूडेंट्स तो उठा ही रहे हैं, विश्वविद्यालय को भी 5.68 करोड़ रुपए का घाटा लग गया है। यह राशि रजिस्ट्रेशन फी से जुड़ी है। दरअसल, नए कोर्स के ऑर्डिनेंस-रेगुलेशन में राजभवन की ओर से 600 रुपए यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन फी निर्धारित किया गया है, जबकि विश्वविद्यालय ने सत्र



2023-24 में एडमिशन लेने वाले 1.42 लाख स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन पुराने फी 200 रुपए के हिसाब से ही लिया। पिछले साल से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में एक साथ 4 वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकन प्रक्रिया हुई। इसके लिए 15 मई को राजभवन से ऑर्डिनेंस-रेगुलेशन जारी किया गया। जून में नामांकन लेकर जुलाई से क्लास शुरू करने को कहा गया था। लेकिन, बिहार विश्वविद्यालय में इसे आधी-अधूरी तैयारियों के साथ लागू किया गया। इसके लिए विश्वविद्यालय ने कोई तैयारी नहीं की। पहले सेशन के दो सेमेस्टर की परीक्षा दे चुके स्टूडेंट्स एमजेसी व एमडीसी के अलावा अन्य पेपर की पढ़ाई जैसे-तैसे कर सके। वहीं, परीक्षा विभाग के स्तर से रजिस्ट्रेशन समेत अन्य प्रक्रियाओं के लिए नई गाइडलाइन जारी की जानी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके चलते 4 वर्षीय स्नातक के स्टूडेंट्स से 3 वर्षीय स्नातक के लिए निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया गया।

**इस सत्र से लागू होगा बढ़ा हुआ रजिस्ट्रेशन शुल्क**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 4 वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए राजभवन से निर्धारित 600 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क सत्र 2024-28 से लेने की तैयारी है। हालांकि, इसपर अंतिम निर्णय एकेडमिक काउंसिल को करना है। राजभवन की ओर से शैक्षणिक सत्र 2023-27 से ही राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में सीबीसीएस यानी च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम की शुरुआत की गई है। इसके अनुसार रजिस्ट्रेशन शुल्क 600 रुपए निर्धारित है। नए शैक्षणिक सत्र में नामांकित स्टूडेंट्स के लिए राजभवन की ओर से निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क को लागू करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसे एकेडमिक काउंसिल में रखा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि शुल्क में तीन गुना वृद्धि होने का विरोध हो सकता है। ऐसे में एकेडमिक काउंसिल से इस प्रस्ताव को मंजूरी दिलाई जाएगी। रजिस्ट्रेशन को लेकर यूएमआईएस की ओर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE-31/08/2024 PAGE-06**

# खेल दिवस : रोड रेस की सेकेंड विनर जिया का स्कूल में सम्मान



मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित प्रथम बाबू लंगट सिंह मेमोरियल रोड रेस प्रतियोगिता में अंडर-17 बालिका वर्ग की सेकेंड विनर जिया कुमारी का शुक्रवार को स्कूल में सम्मान किया गया। जिला स्कूल की छात्रा जिया ने 2 किलोमीटर की दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया है। प्राचार्य जीबू झा के निर्देश पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उप प्राचार्या डॉ. इंदु कुमारी व डॉ. निजामुद्दीन अंसारी समेत अन्य शिक्षकों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE-31/08/2024, PAGE-06**

बताना होगा शिक्षकों ने विद्यार्थियों को किस कक्षा में क्या पढ़ाया

# कॉलेजों में पढ़ाई की शिक्षा विभाग को जाएगी रिपोर्ट

हि विशेष

- हर हफ्ते कॉलेज और पीजी विभाग रोजाना पढ़ाई की भेजेंगे रिपोर्ट
- शिक्षा विभाग ने कॉलेजों व पीजी विभागों को भेजा है गूगलशीट

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। कॉलेजों और पीजी विभागों में रोज होनेवाली पढ़ाई की रिपोर्ट शिक्षा विभाग तैयार करेगा। इसके लिए हर हफ्ते कॉलेजों और पीजी विभागों को रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा विभाग को भेजनी है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए शिक्षा विभाग ने कॉलेजों और पीजी विभागों को एक गूगलशीट दिया है।

शिक्षा विभाग सभी विश्वविद्यालय और कॉलेजों की रिपोर्ट को एक साथ तैयार करेगा। एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि निर्देश के अनुसार रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा विभाग को भेजी जाएगी। एलएनटी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने बताया कि कक्षा की रिपोर्ट गूगल शीट पर तैयार की जा रही है। इसके लिए शिक्षकों के साथ बैठक भी की गई है। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि वह यह भी बताएं किस शिक्षक ने कौन-सा अध्याय पढ़ाया।

## किस दिन कितने विद्यार्थी आए, बनेगी रिपोर्ट

कॉलेज और पीजी विभाग की कक्षाओं में किस दिन कितने छात्र और छात्राएं आए इसकी भी रिपोर्ट शिक्षक तैयार करेंगे। पीजी विभागों के शिक्षकों ने बताया कि कुल उपस्थिति में छात्र और छात्राओं का कितना अनुपात रहा, 75 प्रतिशत उपस्थिति हफ्ते में कितने दिन रही, इन सभी चीजों की रिपोर्ट तैयार की जानी है। इसके अलावा कक्षा में विद्यार्थियों की औसत उपस्थिति कितनी रहती है, यह भी तैयार किया जाएगा।

**प्रैक्टिकल की कक्षाओं की देनी है रिपोर्ट:** सैद्धांतिक विषय की कक्षाओं के साथ प्रैक्टिकल की कक्षाओं की भी रिपोर्ट कॉलेजों और पीजी विभागों को देनी है। इस रिपोर्ट में बताना है कि सप्ताह के छह दिन कौन-कौन से प्रैक्टिकल हुए। इन प्रैक्टिकल में कौन से शिक्षकों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने प्रैक्टिकल के दौरान क्या किया। रोजाना प्रैक्टिकल रूटीन क्या है।

**विषयवार देनी है कक्षा की जानकारी:** कॉलेजों और पीजी विभागों को विषयवार कक्षा की जानकारी देनी है। कॉलेजों और पीजी विभागों को विभाग से जो शीट दी गयी है, उसमें सभी विषय अंकित हैं। विषयों के आगे कितनी कक्षा हुई, कौन-सा विषय पढ़ाया गया, किस शिक्षक ने कक्षा ली, सभी जानकारी देनी है।

इसी शीट पर छात्र और छात्राओं की विषयवार उपस्थिति की जानकारी भी देनी है।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE-31/08/2024, PAGE-04

## वोकेशनल के लिए रजिस्ट्रेशन 13 सितंबर तक

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मौजूदा सत्र में नामांकित वोकेशनल कोर्स में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र-छात्राएं बगैर किसी विलंब शुल्क के 13 सितंबर तक 200 रुपये शुल्क देकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। इसके बाद 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 18 से 21 सितंबर तक पंजीयन करा पाएंगे। इसको लेकर



विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों को निर्देश जारी किया गया है। रजिस्ट्रेशन शुल्क को आरटीजीएस से विश्वविद्यालय के खाता में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इसकी सत्यापित छायाप्रति, छात्रों की सूची एक्सेल फार्मेट और पेन ड्राइव और मूल प्रवजन पत्र के साथ 25 सितंबर तक विश्वविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। इसकी जानकारी सभी कालेजों के प्राचार्यों से लेकर पीजी विभागाध्यक्षों को दी गई है। विश्वविद्यालय ने पंजीयन शुल्क 200 रुपये और प्रवजन शुल्क 150 रुपये निर्धारित किया है।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE-31/08/2024 PAGE -04

## रिसर्च के लिए खरीदे जाएंगे एक करोड़ के उपकरण

**जासं, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रिसर्च कार्यों को गति मिलेगी। पीजी विभागों में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए करीब एक करोड़ के उपकरण आएंगे। इसे विज्ञान और कला विषयों को दिया जाएगा। विज्ञान में नैनो मैटेरियल से जुड़े उपकरण आएंगे तो इतिहास और मनोविज्ञान विभाग के लिए कई महत्वपूर्ण साफ्टवेयर की खरीदारी होगी। सेंट्रल रिसर्च कमेटी की ओर से इसे मंजूरी मिल गई है। इसका फायदा नैक मूल्यांकन में विश्वविद्यालय को होगा।